# कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
# लोक निर्माण विभाग, बेमेतरा संभाग बेमेतरा (छ.ग.)

ज्ञाप क्रमांक 5899 / का.अ. / व.ले.पि. / 2025 बेमेतरा, दिनांक 07 / 11 / 2025

प्रति,

**जनसंपर्क अधिकारी,**
सूचना एवं प्रकाशन विभाग,
रायपुर (छ.ग.)

**विषय :—** **सोशल मीडिया में प्रसारित भ्रामक जानकारी "उपमुख्यमंत्री सह लोक निर्माण विभाग, मंत्री के परिवार के निजी कार्यक्रम का भुगतान लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जाने" विषय पर विभागीय प्रतिवेदन।**

——0——

विषयांतर्गत सोशल मीडिया में प्रसारित भ्रामक जानकारी "उपमुख्यमंत्री सह लोक निर्माण विभाग, मंत्री के परिवार के निजी कार्यक्रम का भुगतान लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जाने" विषय पर विभागीय अभिमत सहित प्रेस विज्ञप्ति आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर संलग्न संप्रेषित है।

**सहपत्र :— प्रेस विज्ञप्ति।**

**(डी.के. चंदेल)**
**कार्यपालन अभियंता**
लोक निर्माण विभाग
बेमेतरा संभाग बेमेतरा

पृ. क्रमांक 5899 / का.अ. / व.ले.पि. / 2025 बेमेतरा, दिनांक 07 / 11 / 2025

**प्रतिलिपि :—**

1. **प्रमुख अभियंता,** लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. **मुख्य अभियंता**, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग परिक्षेत्र दुर्ग
3. **अधीक्षण अभियंता,** लोक निर्माण विभाग, मंडल दुर्ग

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**कार्यपालन अभियंता**
लोक निर्माण विभाग
बेमेतरा संभाग बेमेतरा

# प्रेस विज्ञप्ति

**विषय :– सोशल मीडिया में प्रसारित भ्रामक जानकारी "उपमुख्यमंत्री सह लोक निर्माण विभाग, मंत्री के परिवार के निजी कार्यक्रम का भुगतान लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जाने" विषय पर विभागीय प्रतिवेदन।**

––0––

सोशल मीडिया में यह भ्रामक जानकारी प्रसारित की जा रही है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा श्री अरूण साव उपमुख्यमंत्री के पारिवारिक कार्यक्रम (निजी) बेमेतरा में निजी कार्यक्रम में लगाये गये टेंट कार्य का भुगतान लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया है, यह जानकारी भ्रामक है और पूर्ण रूप से तथ्यहीन है।

**माननीय श्री अरूण साव उपमुख्यमंत्री या किसी भी निजी कार्यक्रमों का कोई भी भुगतान लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं किया गया है।**

लोक निर्माण विभाग के द्वारा बेमेतरा संभाग के अंतर्गत व्ही.आई.पी. कार्यक्रमों में लगाए गए टेंट पंडाल से संबंधित किये गये भुगतान की जानकारी श्री अब्दुल वाहिद रवानी आत्मज अब्दुल मजीद रवानी, निवासी वार्ड नंबर 21, बाजार पारा बेमेतरा, जिला–बेमेतरा को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन/सड़क संभाग बेमेतरा के पत्र क्रमांक 4630/सू.अ.लि./25 दिनांक 28.08.2025 को जानकारी प्रदाय किया गया है। श्री रवानी द्वारा सूचना का अधिकार के माध्यम से बेमेतरा संभाग में दिनांक 18.06.2025 को गुरूनानक टेंट हाऊस एवं केटरर्स, गुरूदेव टेंट हाउस एवं केटरर्स, खालसा टेंट केटरिंग एवं लाईट को किये गये भुगतान राशि **रू. 3.97 करोड़** के बिल व्हाउचर सहित माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के प्रोटोकॉल एवं कलेक्टर महोदय के आदेश की प्रति कार्यपालन अभियंता ने दिनांक 28.08.2025 को जानकारी प्रदान की गई है, विभाग द्वारा प्रदान की गई जानकारी में ऐसे किसी भी बिल का कोई उल्लेख नहीं है और विभाग का ऐसे किसी भी बिल से कोई संबंध नहीं है, जो सोशल मीडिया में भ्रामक रूप से प्रसारित हो रही है। जिन कार्यक्रमों का भुगतान किया गया है, उसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **दिनांक 19, 20 एवं 21 दिसंबर 2024** को बेमेतरा जिला के नवागढ़ में 03 दिवसीय माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम में लगाये गये टेंट पंडाल आदि के व्यवस्था का **1,76,30,694/– रूपये** भुगतान हुआ है।

7/11/25

2. **दिनांक 25.01.2024** को जिला बेमेतरा के जूनी सरोवर ग्राम में माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम में लगे टेंट व्यवस्था का **71,16,646/– रूपये** भुगतान हुआ है।
3. **दिनांक 04.07.2024** को जिला–बेमेतरा के अंधियारखोर ग्राम में माननीय मंत्रीजी के कार्यक्रम में लगे टेंट व्यवस्था का **17,99,088/– रूपये** भुगतान हुआ है।
4. **दिनांक 24.02.2024** को ग्राम बेमेतरा के मंडी परिसर में विकसित भारत कार्यक्रम में लगे टेंट व्यवस्था का **11,88,084/– रूपये** भुगतान हुआ है।
5. **दिनांक 14.01.2025** को ग्राम संबलपुर में माननीय मंत्री जी के कार्यक्रम में लगे टेंट व्यवस्था का **10,11,450/–रूपये** भुगतान हुआ है।
6. बेमेतरा संभाग अंतर्गत **दिनांक 28.06.2024** को सिंधौरी में वर्चुवल कार्यक्रम, दिनांक 04.07.2024 को अंधियारखोर में शासकीय कार्यक्रम, दिनांक 12.08.2024 से 14.08.2024 तक तिरंगा यात्रा कार्यक्रम, दिनांक 20.10.2024 को बेमेतरा में वाचनालय का लोकार्पण कार्यक्रम, दिनांक 14.01.2025 को ग्राम दाढ़ी में भूमिपूजन का कार्यक्रम, दिनांक 14.01.2025 को संबलपुर में भूमिपूजन का कार्यक्रम, दिनांक 07.10.2025 को प्रभारी मंत्रीजी का समीक्षा बैठक, दिनांक 12.10.2024 को बेमेतरा के मंडी प्रांगण में कार्यक्रम, दिनांक 15.11.2024 को टाउनहॉल में जनजाति गौरव दिवस का कार्यक्रम, दिनांक 19.12.24 से 21.12.24 तक नवागढ़ में पंथी प्रतियोगिता का कार्यक्रम। **उक्त समस्त कार्यक्रम के लाईटिंग, साउंड एवं एल.ई.डी. व्यवस्था आदि कार्य हेतु 33,29,310/–रूपये भुगतान हुआ है।**
7. **दिनांक 24.02.2024** को ग्राम नवागढ़ के बस स्टैंड में विकसित भारत कार्यक्रम का **14,13,957/–रूपये** भुगतान हुआ है।
8. **दिनांक 28.06.2024** को बेमेतरा के न्यायालयीन परिसर के उदघाटन समारोह के वर्चुवल कार्यक्रम में लगे टेंट व्यवस्था का **14,24,071/–रूपये** भुगतान हुआ है।
9. **दिनांक 14.01.2025** को ग्राम दाढ़ी में माननीय मंत्रीजी के कार्यक्रम में लगे टेंट व्यवस्था का **3,67,552/–रूपये** भुगतान हुआ है।
10. **दिनांक 26.01.2025** को बेमेतरा के बेसिक ग्राउंड में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम में लगे टेंट व्यवस्था का **14,21,302/–रूपये** भुगतान हुआ है।
11. **दिनांक 05.11.2024** को ग्राम बेमेतरा के बेसिक स्कूल ग्राउंड में राज्योत्सव कार्यक्रम में लगे टेंट व्यवस्था का **13,39,689/–रूपये** भुगतान हुआ है।

7/11/25

12. **<u>दिनांक 15.08.2024</u>** को ग्राम बेमेतरा के बेसिक स्कूल ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में लगे टेंट व्यवस्था का **16,77,024/—रूपये** भुगतान हुआ है।

इस प्रकार उपरोक्त भुगतान से स्पष्ट है कि किसी भी निजी कार्यक्रमों का और विशेषकर दिनांक 09.08.2024 के किसी कार्यक्रम जिसे लेकर विभाग और उपमुख्यमंत्री जी के प्रति भ्रामक जानकारी फैलाई गई है, का भुगतान लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं हुआ है।

समस्त कार्यक्रमों का विस्तृत माप पुस्तिका, देयक की कॉपी तथा कार्यक्रमों का फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कार्यालयीन अभिलेख में उपलब्ध है। भुगतान करने के पूर्व सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता श्री निर्मल सिंह ठाकुर के द्वारा सिर्फ उल्लेखित 12 कार्यक्रमों का भुगतान आदेश पारित किया गया है तथा समस्त भुगतान वर्तमान कार्यपालन अभियंता (स्वयं डी.के. चंदेल) के द्वारा किया गया है तथा नियमानुसार समस्त शासकीय प्रयोजनार्थ किये गये टेंट आदि के भुगतान पूर्व माप का रिकार्ड उपअभियंताओं एवं अनुविभागीय अधिकारियों के द्वारा किया गया है। कोई भी निजी कार्यक्रमों का भुगतान नहीं हुआ है।

माननीय उपमुख्यमंत्री जी के किसी भी निजी कार्यक्रमों का कोई भी भुगतान लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं किया गया है। साथ ही विभाग द्वारा ऐसी कोई भी भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के ऊपर यथासमय विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी।

7/11/25

**(डी.के. चंदेल)**
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बेमेतरा संभाग बेमेतरा